NIOS/Acad./2020/318/09/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - अर्थशास्त्र

पाठ 9 : अपकीरण के माप

कार्यपत्रक-9

आप कुछ खरीदारी करने के लिए पास के बाज़ार गए। वहां आपने कुछ फल देखे और विक्रेताओं से कीमतों के बारे में पूछताछ की। आपके द्वारा देखे गए पहले विक्रेता ने 50 रुपये किलो सेब का मूल्य बताया, जबकि दूसरे ने 4500 पैसे / किलोग्राम बताया। आपने दूसरे विक्रेता से सेब खरीदे। आपका छोटा भाई जो आपके साथ जा रहा था, वह हैरान था क्योंकि उसने सोचा कि आपने इन फलो को उस विक्रेता से खरीदा है जिसने आपसे अधिक कीमत वसूल की है। इस अनुच्छेद को पढ़ने के बाद निम्नलिखित प्रश्नो का उत्तर दें। (प्र.1 से प्र.3)

1. क्या आप अपने छोटे भाई को समझा सकते हैं कि ये कीमतें सीधे तौर पर तुलनात्मक थीं या नहीं?
2. क्या आपने वास्तव में सेब के लिए उच्च कीमत का भुगतान किया था? यदि नहीं, तो कैसे?
3. कम से कम 2 और ऐसे उदाहरण दीजिये, जब मात्राएँ सीधे-सीधे तौर पर तुलनात्मक नहीं हो और वे कैसे तुलनात्मक बन सकती हैं?

भारत एक क्रिकेट का प्रेमी देश है जहाँ अधिकांश भारतीयों के एक या एक से अधिक पसंदीदा क्रिकेट खिलाड़ी हैं और वे हर बार मैदान में उन्हें क्रिकेट मैच खेलते हुए देखना चाहते हैं। मान लीजिए कि आपको यह तय करना है कि तीन खिलाड़ियों वीके, आरएस और एमएस में से अगला मैच कौन खेलेगा। लेकिन एक चयनकर्ता के रूप में आपको तटस्थ रहना होगा और केवल एक का ही चयन होना है जिसका मतलब है कि आप तीन में से केवल एक खिलाड़ी का चयन कर सकते हैं। आपने पिछले 5 मैचों में उनके प्रदर्शनों को देखते हुए चयन करने का निर्णय लिया है। पिछले 5 मैचों में तीन खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए रन नीचे दिए गए हैं:

खेले गए मैच	खिलाड़ी 1- वी.के.	खिलाड़ी 1- आर.एस.	खिलाड़ी 1- एम.एस.
एकदिवसीय मैच 1	0	60	215
एकदिवसीय मैच 2	10	60	0
एकदिवसीय मैच 3	0	55	0
एकदिवसीय मैच 4	14	45	50
एकदिवसीय मैच 5	251	55	10
कुल स्कोर	275	275	275

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (प्र. 4 से प्र. 8)

4. छठे एकदिवसीये के लिए आप किस खिलाड़ी को चुनेंगे और क्यों?

5. क्या आप इन खिलाड़ियों के स्कोर की तुलना एक-दूसरे से कर सकते हैं? क्या आपको लगता है कि यह उचित है?
6. चयन करने के लिए आपने अपकीरण के किस माप का उपयोग किया और क्यों?
7. क्या आप इन तीन खिलाड़ियों के स्कोर के विस्तार की भी गणना कर सकते हैं? क्या आपको लगता है कि चयन करने के लिए यहां विस्तार का भी उपयोग किया जा सकता है?
8. आपको क्यों लगता है कि एक खिलाड़ी दूसरे से बेहतर है जबकि उन्होंने पिछले 5 एकदिवसीय मैचों में कुल 275 स्कोर बनाए हैं?

उपर्युक्त अनुच्छेद की निरंतरता में, मान लीजिये कि आपको व्यक्तिगत मैच स्कोर के बजाय तीन खिलाड़ियों वीके, आरएस और एमएस के द्वारा प्राप्त औसत रन क्रमशः 50, 48 और 12 दिए गए हैं और क्रमशः 15,12 और 12 के रूप में स्कोर के मानक विचलन। निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्र.9 और प्र.10)

9. अब सबसे ज्यादा रन बनाने वाला कौन है और क्यों?
10. यदि अब आपको अपने चयन पर पुनर्विचार करना है तो क्या आप अपने पिछले चयन पर टीके रहेंगे? अपने चयन को सही ठहराने के लिए कारण दें।